# जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 19.06.2025 का कार्यवृत्त।

दिनांक 19.06.2025 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2 जिला पंचायत राज अधिकारी, कौशाम्बी।
3 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5 जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
6 जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 कौशाम्बी।
7 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज, टी0पी0आई0, मंझनपुर कौशाम्बी।
8 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
9 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0) द्वारा कराये जा रहे कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

**मे0 जे0एम0सी0 द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज –3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 275 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये थे। फर्म द्वारा कुल 275 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 94 नग पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में तैयार किये गये है। स्वीकृत 94 नग योजनाओं में फर्म को 156 नग ट्यूबवेल, 128 नग उच्च जलाशय, 1891 किमी0 पाइप लाइन एवं 92677 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 152 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया, 125 नग उच्च जलाशय पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है, जिसमे से 50 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 1841 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 81962 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। साथ ही लगभग 117 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को 80 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष पुर्नस्थापना/ मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

तदोपरान्त जल जीवन मिशन फेज–3 के अर्न्तगत दूसरी सूचीबद्ध फर्म मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा कराये गये कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

**मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 351 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये थे। फर्म द्वारा कुल 351 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 181 नग पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में तैयार किये गये थे। स्वीकृत 181 नग योजनाओं में फर्म को 201 नग ट्यूबवेल, 181 नग उच्च जलाशय, 2249 किमी0 पाइप लाइन एवं 121801 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 200 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया, 180 नग उच्च जलाशय पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है, जिसमे से 86 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुक है तथा 2236 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 107348 नग हाउस कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही लगभग 95 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को 70 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष पुर्नस्थापना/ मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

दोनो सूचीबद्ध फर्मो के कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी प्रकट करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक मैनपावर बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में निर्धारित समयावधि तक कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़को/गलियों की पुर्नस्थापना का कार्य मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराते हुये योजना के समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

फर्म मे0 जे0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कई पेयजल योजनाओं मे विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु फर्म द्वारा लगभग 01 वर्ष पूर्व से विद्युत विभाग में धनराशि जमा करायी जा चुकी है, परन्तु विद्युत विभाग द्वारा अभी तक कई पेयजल योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन नही कराये गये है, जिसके कारण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग व अन्य विभाग जहॉ इस प्रकार की समस्या

है, उनकी योजनावार सूचना तैयार कर अवगत कराये ताकि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में अन्तर विभागीय मीटिंग बुला कर समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 एजेन्सी)

जिला पंचायत राज अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतों की कुछ सडकों की मरम्मत का कार्य ग्राम पंचायत के स्तर से कराया जा चुका है। उक्त के सन्दर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये है कि ऐसे ग्रामों की सूचना तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को उपलब्ध कराये ताकि किसी तरह की Duplicacy की सम्भावना न हो।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/डी.पी.एम., टी.पी.आई. एजेन्सी/डी0पी0आर0ओ0)

**अन्य निर्देश :–**

1. शत्–प्रतिशत पूर्ण की गयी पेयजल योजनाओं की सूची उपलब्ध करायी जाये।
2. वर्षा ऋतु से पूर्व पेयजल योजनाओं की पाइप लाइन बिछाने/हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने के दौरान फर्मो द्वारा क्षतिग्रस्त की गयी सडको/गलियों को तत्काल मरम्मत कराकर गुणवत्तापूर्ण पुनर्स्थापित कराया जाये।
3. विकास खण्ड– सरसवॉं की पूरब सरावॉं पेयजल के कार्यो का समस्त विवरण उपलब्ध कराया जाये।
4. योजनाओं को पूर्ण करने की सम्भावित तिथि सूचना तैयार की उपलब्ध करायी जाये। साथ ही यह उल्लिखित किया जाये कि पूर्व में योजना के पूर्ण करने की तिथि क्या थी?
5. ऐसी योजनाऍं जो कि संचालित है उनके अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराये।
6. ऐसी योजनाऍं जिनमें उच्च जलाशय, पम्प हाउस, हाउस कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है, उनको तत्काल संचालित कराकर पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी आगामी बैठक में प्रचार–प्रसार एवं Water Testing & FTK से सम्बन्धित रिपोर्ट के साथ प्रतिभाग करेगें।
8. आगामी बैठक में योजनावार आवश्यक मैन पावर की गणना करते हुये वर्तमान में फर्म द्वारा कितने मैन पावर लगाये गये है कि सूचना तैयार कर प्रस्तुत करें।
9. ग्रीष्मकाल को देखते हुये अधिक से अधिक पेयजल योजनाओं पर तत्काल पम्प आपरेटर की तैनाती कर नियमित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 एजेन्सी)

24/6/22

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी।

पत्रांक 1676 / 19-74 / 123 दिनांकः– 25/6/22

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी को सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, कौशाम्बी।
5. समस्त सहा0 अभि0/जूनि0इंजी0 को इस निर्देश के साथ कि नियमित अनुश्रवण/व्यक्तिगत ध्यान देते हुये दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन फर्मो से कराते हुये गुणवत्तापूर्ण ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करें।
6. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।
7. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि व्यक्तिगत ध्यान देते हुये/नियमित रूप से साइटों पर उपस्थित रहकर फर्मो से गुणवत्तापूर्ण ससमय कार्य कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) मंझनपुर, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

06/22

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

CamScanner